भारत सरकार

योजना मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1713

दिनांक 13.12.2023 को उत्तर देने के लिए

ओडिशा में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम

1713. श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी:

क्या **योजना मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) आरंभ किया है;

(ख) क्या उक्त आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) की तर्ज पर है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) ओडिशा में एबीपी के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले ब्लॉकों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) ओडिशा हेतु जिला-वार आबंटित, स्वीकृत, जारी और उपयोग की गई निधि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय;
राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) योजना मंत्रालय एवं
राज्यमंत्री कारपोरेट कार्य मंत्रालय

(राव इंद्रजीत सिंह)

(क) जी, हां। सरकार ने जनवरी, 2023 में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) का शुभारंभ किया है।

(ख) आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम (एबीपी) के दायरे में विस्तार कर अपेक्षाकृत 500 अल्प-विकसित ब्लॉकों को कवर करने के लिए आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) तैयार किया गया है। एबीपी का लक्ष्य इन ब्लॉकों में सामाजिक-आर्थिक विकास में तेजी लाना, सुशासन को जमीनी स्तर पर लाना है। आकांक्षी जिले कार्यक्रम की तरह, एबीपी अपनी वृद्धिशील प्रगति के आधार पर ब्लॉकों की नियमित निगरानी और रैंकिंग के लिए एक प्रमुख प्रदर्शन संकेतक तंत्र नियोजित करता है। इसके अतिरिक्त, एबीपी ब्लॉक स्तर के पदाधिकारियों के क्षमता निर्माण पर जोर देता है और दुर्बल व्यक्तियों के समक्ष आने वाली चुनौतियों के समाधान हेतु उनके अनुकूल पहलों को लागू करता है।

(ग) ओडिशा राज्य में एबीपी के तहत कवर किए गए ब्लॉकों की सूची का जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

(घ) ओडिशा के लिए आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई निधियों का जिला-वार ब्यौरा **अनुलग्नक-II** में दिया गया है। चूंकि कार्यक्रम का कार्यान्वयन अपने प्रारंभिक चरण में है, इसलिए निधि के उपयोग के संबंध में विशिष्ट ब्यौरा उचित समय पर प्रलेखित किया जाएगा।

*****

अनुलग्नक - I

ओडिशा में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में दिनांक 13.12.2023 को श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी द्वारा पूछा गया लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1713 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

ओडिशा राज्य में एबीपी के अंतर्गत आने वाले ब्लॉकों की सूची

क्र.सं.	**जिला**	**ब्लॉक**
1	बलांगीर	पुइंटाला
2	बरगढ़	पाइकामल
3	ढेंकनाल	कांकड़ा हड
4	गजपति	गुम्मा
5	गजपति	आर. उदयगिरि
6	कालाहांडी	मदनपुर रामपुर
7	कालाहांडी	थुआमुल रामपुर
8	कंधमाल	फ़िरिंगिया
9	कंधमाल	तुमुदीबांध
10	क्योंझर	बांसपाल
11	क्योंझर	हरिचंदनपुर
12	कोरापुट	लामतापुट
13	कोरापुट	लक्ष्मीपुर
14	मल्कानगिरी	चित्रकोंडा
15	मल्कानगिरी	खैरापुट
16	मल्कानगिरी	मैथिली
17	मयूरभंज	जोशीपुर
18	मयूरभंज	ठाकुरमुंडा
19	नबरंगपुर	डाबूगांव

20	नबरंगपुर	तेंतुलिखुनती
21	नयागढ़	दासपल्ला
22	नुआपाड़ा	बोडेन
23	नुआपाड़ा	कोमना
24	रायगढ़ा	मुनिगुड़ा
25	रायगढ़ा	पद्मापुर
26	संबलपुर	नक्टिडिओल
27	सुंदरगढ़	बालीशंकरा
28	सुंदरगढ़	नुआगांव

अनुलग्नक-II

ओडिशा में आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के संबंध में दिनांक 13.12.2023 को श्रीमती शर्मिष्ठा सेठी द्वारा पूछा गया लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1713 के भाग (घ) के उत्तर में संदर्भित अनुलग्नक

ओडिशा के लिए आवंटित, स्वीकृत और जारी की गई निधियों का जिला-वार विवरण

जिला	**जिला में आकांक्षी ब्लॉकों की संख्या**	**आवंटित राशि (लाख में)**	**स्वीकृति राशि (लाख में)**	**जारी राशि (लाख में)**
बलांगीर	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
बरगढ़	1	₹8.65	₹8.65	₹8.65
ढेंकनाल	1	₹8.65	₹8.65	₹8.65
गजपति	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
कालाहांडी	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
कंधमाल	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
क्योंझर	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
कोरापुट	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
मल्कानगिरी	3	₹25.95	₹25.95	₹25.95
मयूरभंज	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
नबरंगपुर	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
नयागढ़	1	₹8.65	₹8.65	₹8.65
नुआपाड़ा	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
रायगढ़ा	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30
संबलपुर	1	₹8.65	₹8.65	₹8.65
सुंदरगढ़	2	₹17.30	₹17.30	₹17.30

******